□ जनपद- हाथरस □

□ दिनांक- 16.12.2024 □

‼□ थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरियों की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 2150/- रुपये नगद व 01 सैमसंग मोबाईल फोन (चोरी किया हुआ) बरामद। ‼□

अवगत कराना है कि दिनांक 13.11.2024 को श्रीमती नीशु शर्मा पत्नी डेविड निवासी चंडौस थाना चंडौस जनपद अलीगढ द्वारा थाना सिकन्द्राराऊ पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि वह वि0खं0 सिकन्द्राराऊ मे ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात है। दिनांक 03.11.2024 को उसके आवास से अज्ञात चोरो द्वारा नगद रुपया व सामान चोरी कर लिया है।
तथा दिनांक 15.12.2024 को श्री नरेश पाल पुत्र बनी सिंह निवासी जरीनपुर भुर्रका थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस द्वारा थाना सिकंद्राराऊ पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि वह दिनांक 15.12.2024 को सरिया खरीदने आया था तथा अपना मोबाइल गाडी मे ही रख दिया था तभी अज्ञात चोरो द्वारा उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। उक्त दोनों घटनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकंद्राराऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री निपुण अग्रवाल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिकंद्राराऊ के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राराऊ को घटनाओं का अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में पुलिस टीम के कठिन परिश्रम व अथक-प्रयासोपरान्त, सर्विलांस सेल की टेक्निकल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी कैमरे आदि से प्राप्त लाभप्रद सूचना संकलन की गयी। जिसके क्रम में आज दिनांक 16.12.2024 को थाना सिकंद्राराऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए उक्त मुकदमे से सम्बन्धित 02 अभियुक्तगण को करीम नगर कालोनी के पास बडी पानी टंकी के पास कस्बा सिकन्दराराऊ से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी किये हुए 2150/- रुपये नगद व चोरी का 01 मोबाईल फोन सैंमसंग कम्पनी ए13 बरामद हुए है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकंद्राराऊ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर अपने जुर्म का इंकबाल करते हुये बताया कि हम लोगों ने दिनांक 02/03.11.2024 को ब्लाक सिकन्दराराऊ आवास में से चोरी की थी तथा दिनांक 15.12.2024 को सरिया की दुकान के सामने खडी पिकअप से एक सैमसंग मो0फोन चोरी किया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-
1. मोनिश पुत्र फराइम निवासी करीमनगर थाना सिकन्दराऊ जनपद हाथरस।
2. फैजान पुत्र निजामउद्दीन निवासी कस्बा व थाना निधौली कलॉ जनपद एटा।

बरामदगी का विवरण-
1- एक मोबाईल फोन सैमसंग गलैक्सी ए-13 (चोरी कियी हुआ)
2. 2150/- रुपये नगद

अनावरित अभियोग-
1. मु0अ0सं0 636/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस।
2. मु0अ0सं0 594/24 धारा 305/324(4) बीएनएस थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त मोनिश उपरोक्त
1. मु0अ0सं0 184/2021 धारा 379 भादवि थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस।
2. म0अ0सं0 425/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस।

गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम के नाम-
प्रभारी निरीक्षक श्री अरविंद राठी मय टीम थाना मुरसान जनपद हाथरस।

MEDIA CELL HATHRAS